# ढाई साल में ही जर्जर हो गया बिलहरी का उपतहसील भवन

## कलेक्टर ने जताई कड़ी नाराजगी, निरीक्षण में मिला गुणवत्ताहीन कार्य, जांच दल गठित कर कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश



**कटनी,यशभारत।** राजस्व प्रकरणों में सुधार को लेकर कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा अभिनव पहल करते हुए प्रत्येक शनिवार को जिले के तहसील निरीक्षण का दौरा कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी क्रम में आज शनिवार को कलेक्टर श्री प्रसाद ने रीठी तहसील का भ्रमण किया। राजस्व विभाग से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ रीठी तहसील के निरीक्षण कार्यक्रम के पहुंचे कलेक्टर श्री प्रसाद ने तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया और राजस्व से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा राजस्व से जुड़े मामलों के समय सीमा में निराकरण को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। रीठी तहसील के निरीक्षण कार्यक्रम दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद उपतहसील बिलहरी पहुंचे। जहां उन्होंने नवनिर्मित नायब तहसीलदार कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। नवीन भवन में जगह जगह आई चौड़ी दरारों और जगह जगह से क्षतिग्रस्त दीवारों और बारिश में टपकते छत को देखकर कलेक्टर श्री प्रसाद ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि बिलहरी के 85 लाख की लागत से बने उपतहसील भवन का निर्माण कार्य 31 दिसंबर 2020 को पूर्ण हुआ था। भवन का निर्माण ठेकेदार विनोद कुमार रजक द्वारा किया गया है। निर्माण उपरांत महज ढाई वर्षों में ही उपतहसील भवन की जर्जर हालत देखकर कलेक्टर श्री प्रसाद ने अप्रसन्नता जताते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को गुणवत्ताहीन कार्य पर कड़ी फटकार लगाई। साथ ही उक्त कार्य की जांच के लिए एक जांच दल गठित कर उसे अविलंब रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्माण कार्य से जुड़ी सभी एजेंसियों को दो टूक कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कहीं भी गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य पाया जाता है तो ऐसे में संबंधित अधिकारी और ठेकेदार कड़ी कार्यवाही के लिए तैयार रहें।



# सुपर 100 प्रवेश परीक्षा जेईई में जिले के 131 विद्यार्थी हुए



**कटनी,यशभारत।** रविवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एनकेजे कटनी में सुपर 100 प्रवेश परिक्षा जेईई शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त परीक्षा हेतु जिले के कुल 155 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। इन विद्यार्थियों में से रविवार को आयोजित परीक्षा के दौरान कुल 131 विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए। शेष 24 विद्यार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के बैठने संबंधी और अन्य सहायता की व्यवस्था अच्छी प्रकार से की गई। केंद्रों का निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी सिंह ,सहायक संचालक शिक्षा राजेश आग्रहरी के द्वारा किया गया। परीक्षा उपरांत विद्यार्थियों का उत्साह देखने योग्य था। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता की आशा जताई। जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों से परीक्षा को लेकर उनके अनुभव पूछे और उन्हें उनके परीक्षा परिणामों के लिए शुभकामनाएं दी।



## महापौर ने जनता से किया संवाद, समस्याओं से रूबरू

**कटनी,यशभारत।** कटनी नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने वार्ड क्रमांक 3 इंदिरा गांधी में सुबह सुबह पहुंचकर स्थानीय जन समुदाय से संवाद करते हुए वहां की मूलभूत समस्याओं से रूबरू होकर जल्द ही उनके निदान का आश्वासन दिया। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि इंदिरा गांधी वार्ड में जल्द ही विकास कार्य प्रारंभ किए जायेंगे । साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय निवासियों की मूलभूत समस्याओं जैसे नाली साफ -सफाई व्यवस्था को गंभीरता से देखते हुए इनका निदान भी तत्काल किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय पार्षद ओमप्रकाश बल्ली सोनी सहित वार्ड की देवतुल्य जनता जनार्दन की उपस्थिति रही।

## निगमाध्यक्ष ने द्वारका सिटी पहुंच कर सुनी समस्यांए, संबंधितों को दिए निर्देश



**कटनी,यशभारत।** नगरपालिक निगम कटनी सीमा के अंतर्गत द्वारका सिटी कालोनी में मंदिर परिसर के पीछे मल्टी के समीप जमीन धंस जाने से गढ्ढ़ा होने की सूचना द्वारका सिटि निवासी सुरेन्द्र कुमार बक्शी द्वारा निगमाध्यक्ष मनीष पाठक को दूरभाष पर दी गई जिसके उपरांत निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें मौके पर पहुंच कर संमस्या के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि कालोनाईजर द्वारा कालोनी निर्माण के समय नलकूप का खनन कराया गया था जो वर्तमान में बंद है नलकूप के असा पास की जमीन बारिश के कारण धंस गई है । गढ्ढा मंदिर के समीप है वहा बडे बुजुर्गो सहित बच्चों का आना जाना रहता है । कालोनी के दांयी ओर लाल पहाडी से बारिश होने के दौरान पानी कालोनी की बाउन्ड्रीवाल से रिसकर गढ्ढे में भर रहा है। गढ्ढा गहरा होने के कारण दुर्घटना हो सकती है । इस बात को ध्यान में रखते हुए निगमाध्यक्ष द्वारा त्तकाल संबंधित अधिकारी से दूरभाष पर चर्चा करते हुए गढ्ढे का समतलीकरण करानें के निर्देश प्रदान किए साथ ही बाउन्ड्रीवाल के दांयी ओर भी सफाई करानें की बात कही जिससे पानी का रुकाव न होने से समस्या उत्पन्न नही होगी । इस दौरान पार्षद शशिकान्त तिवारी द्वारका सिटि निवासी सुरेन्द्र कुमार बक्शी, राजकुमार हेमनानी, पवन जैन की उपस्थिति रही ।

## जिले में अब तक 228.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज


### पिछले साल की तुलना में इस वर्ष हुई 102.0 मिलीमीटर अधिक बारिश



**कटनी,यशभारत।** कटनी जिले में इस वर्ष 1 जून से 3 जुलाई की प्रातः तक की अवधि तक कुल 228.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि बीते वर्ष इसी अवधि के दौरान 126.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल पिछले वर्ष की तुलना में 102.0 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल अलोच्य अवधि तक वर्षा मापी केंद्र कटनी में 187.6 मिलीमीटर, रीठी में 219.2 मिली मीटर, बड़वारा में 230.6 मिलीमीटर, बरही में 152.0 मिलीमीटर, विजयराघवगढ़ में 116.8 मिलीमीटर, बहोरीबंद में 195.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार स्लीमनाबाद में 354.8 मिलीमीटर एवं ढीमरखेड़ा में 371.7 मिलीमीटर वास्तविक वर्षा दर्ज की गई।

### कुपोषण के खिलाफसामाजिक अनुष्ठान में जनता के सहयोग से बदल रही है जिले की तस्वीर

## कुपोषण से लड़ रही साक्षी का जबलपुर में हुआ सफल इलाज



**कटनी,यशभारत।** जिले से कुपोषण को समाप्त करने चलाए जा रहे सामाजिक अनुष्ठान में जहां एक ओर कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद के मार्गदर्शन में अब तक बड़ी संख्या में कुपोषित बच्चों को गोद लिया जा चुका है, तो वहीं दूसरी ओर कलेक्टर श्री प्रसाद स्वयं इन बच्चों की परवरिश और स्वास्थ्य को लेकर सजग रहते हैं। ऐसी ही एक कुपोषित बच्ची साक्षी को शहर के उद्योगपति और समाजसेवी मनीष गई द्वारा गोद लिया गया था। जिसके स्वास्थ्य में आई परेशानी की जानकारी लगने पर संवेदनशील कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा उसे तत्काल बेहतर स्वास्थ्य परीक्षण और इलाज के लिए जबलपुर भेजा गया। जहां गत रात्रि उसकी शल्य चिकित्सा संपन्न हुई और वर्तमान में वह चिकित्सकों और महिला एवं बाल विकास विभाग के अमले की देखरेख में स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रही है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री प्रसाद की प्रेरणा से कटनी जिले के समाजसेवियों द्वारा कुपोषित बच्चों को गोद लिया जा रहा है। जिससे जिले में कुपोषित से सुपोषित होने वाले बच्चों की संख्या में करीब 75 फीसदी इजाफा हो चुका है तथा कुपोषित बच्चों की संख्या में कमी आई है। उल्लेखनीय है कि कटनी जिले का पदभार संभालने के बाद से ही कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने का बीड़ा उठाया गया है। जिसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं, उनकी प्रेरणा से जिले के विभिन्न समाजसेवियों, उद्योगपतियों सहित सामाजिक और औद्योगिक संगठन कुपोषित बच्चों को गोद लेने आगे आ रहे हैं और उनके बेहतर लालन पालन में अपना योगदान दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री प्रसाद की इस पहल में सबसे पहले आगे आए थे समाजसेवी और उद्योगपति मनीष गई...जिन्होंने एक कुपोषित बच्ची साक्षी को गोद लिया था।

### साक्षी का हुआ सफल ऑपरेशन

साक्षी को उसके अभिभावकों और महिला एवम् बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ जबलपुर भेजा गया, जहां शनिवार की देर शाम उसका परीक्षण किया गया तथा हर्निया संबंधी रोग सामने आने पर शल्य क्रिया के लिए मेडिकल कॉलेज जबलपुर में दाखिल कराया गया। जहां देर रात उसका सफल ऑपरेशन संपादित हुआ। वर्तमान में साक्षी चिकित्सकीय टीम और महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर की देखरेख में स्वास्थ्य लाभ ले रही है।

### इस सामाजिक अनुष्ठान में आप भी बनें सहभागी: कलेक्टर

इन कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने चलाए जा रहे सेवा प्रकल्प में कलेक्टर अवि प्रसाद ने आम जनता, समाजसेवियों, उद्योगपतियों और विभिन्न सामाजिक और औद्योगिक संगठनों से जुड़ने की अपील की है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जिस प्रकार टीबी के खिलाफमुहिम में कटनी की जनता ने बढ़ चढ़कर प्रशासन का साथ दिया, उसी तरह कुपोषण के खिलाफ इस सामाजिक अनुष्ठान में भी सहभागी बनकर कुपोषित बच्चों को सुपोषण की राह में लेकर चलने में अपना योगदान दें और शासन प्रशासन के हाथ मजबूत करें।



## जल्द ही ग्राम रूढ़मूढ़ के आदिवासी मोहल्ले में मिलेगी 3 फेस बिजली

**कटनी,यशभारत।** रीठी तहसील के ग्राम रूढ़मूढ़ के आदिवासी मोहल्ले में जल्द ही 3 फेस विद्युत प्रदाय की जायेगी। इसके लिए मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उक्त क्षेत्र में कार्य को आरडीएसएस योजना में शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद के समक्ष ग्राम रूढ़मूढ़ के आदिवासी मोहल्ले में 3 फेस विद्युत आपूर्ति की मांग संबंधी आवेदन सामने आने पर उनके द्वारा इस संबंध में कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर की गई जांच में पाया गया कि उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ने के साथ साथ विद्युत भार में भी वृद्धि हुई है। जिसको देखते हुए उक्त क्षेत्र में 3 फेस विद्युत प्रदाय किए जाने के लिए उक्त कार्य को आरडीएसएस योजना में शामिल किया गया है। योजना के क्रियान्वित होते ही आदिवासी मोहल्ले में 3 फेस विद्युत आपूर्ति कर दी जाएगी। विकासखंड बड़वारा के ग्राम कछडारी में पाइप लाइन बिछाने खोदी गई मिट्टी सड़क में छोड़ दिए जाने से आवागमन में हो रही असुविधा के संबंध में जानकारी संज्ञान में आने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर कार्यपालन यंत्री पीएचई विभाग द्वारा जांच कराकर कछडारी गांव में पाइप लाइन बिछाने के बाद खोदी गई मिट्टी सड़क में पाए जाने पर उक्त मिट्टी पाइप लाइन में भरवाई गई और शेष मिट्टी को रास्ते से हटवा कर अन्य स्थान पर डंप किया गया। साथ ही सड़क को साफकरा कर आवागमन सुचारू कराया गया।



## नगर परिषद के रिकार्ड रूम में भड़की आग

### जरूरी दस्तावेजों सहित लाखों की सामग्री भी हुई खाक

**विजयराघवगढ़,यशभारत।** आज सुबह विजयराघवगढ़ स्थित नगर परिषद का कार्यालय खुला भी नहीं था कि एकाएक कार्यालय की खिड़कियों और रोशनदान से धुआं निकलता देखा गया। कार्यालय में बाहर से ताला लटका हुआ था जबकि भीतर से धुंए का गुबार बाहर निकल रहा था। कार्यालय के आस-पास रहने वाले लोगों ने नगर परिषद के कर्मचारियों और सीएमओ रामावतार पटेल को इसकी सूचना दी। परिषद कार्यालय में आग लगने की खबर मिलते ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री पटेल एवं अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। कार्यालय का ताला खोला गया तो रिकार्ड रूम से आग की लपटें निकलती दिखाई दी। मौके पर नगर परिषद के प्रतिनिधि भी पहुंच गए थे। आनन-फानन फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। कुछ ही देरी में दमकल दस्ते ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। तब तक खुले रैक में रखे तमाम दस्तावेज जलकर राख हो गए थे। लकड़ी की कुछ अलमारियां और फर्नीचर के अलावा विद्युत सामग्री भी जलकर आग की भेंट चढ़ चुकी थी। आग में कौन कौन से जरूरी कागजात जलकर नष्ट हो गए हैं तथा कुल कितनी सम्पत्ति का नुकसान हुआ अभी इसकी जानकारी नहीं मिल सकी। रिकार्ड रूम में आग कैसे लगी अभी इसकी सही वजह भी पता नहीं है। सम्भावना जताई जा रही कि शाट-सर्किट की वजह से आग लगी होगी। बहरहाल आग तो बुझ गई है पर इस अग्निकांड को लेकर कुछ सवाल अभी भी सुलग रहे है जिनका जवाब इस अग्निकांड की सही जांच के बाद ही सामने आएंगे।

## सड़क निर्माण की धीमी रफ्तार पर ठेकेदार को नोटिस जारी

**कटनी,यशभारत।** उमरियापान से टोला सड़क निर्माण कार्य एक माह से बंद होने के संबंध में समाचार पत्र के माध्यम से जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा इसे गंभीरता से लेते हुए इस संबंध में कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को जांच कर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश के परिपालन में विभाग द्वारा की गई जांच में पाया गया कि पीडब्ल्यूडी द्वारा करीब 6.60 किलोमीटर लंबे ग्राम मोहला, हरदुआ, उमरियापान मार्ग में से 300 मीटर सड़क का निर्माण विभाग द्वारा मजबूतीकरण मद के तहत स्वीकृत किया गया है। जिसका कार्यादेश संबंधित निविदाकार को जारी कर कार्य प्रारंभ करा दिया गया था।

**प्रकाशित समाचार पर कलेक्टर ने दिए थे कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी को दिए थे जांच के निर्देश**

### धीमी रफ्तार पर नोटिस जारी

कार्यादेश जारी होने के बाद निविदाकार द्वारा कार्य प्रारंभ तो कर दिया गया लेकिन कार्य की रफ्तार जांच में धीमी पाई गई। जिस पर निविदाकार को नोटिस जारी किया गया है। शेष 6.30 किमी मार्ग का डामरीकरण कार्य पूर्ण कराया जा चुका है।

### नाला की मरम्मत कार्य के लिए प्रस्ताव

उक्त मार्ग में स्थित कटकहरी नाला में मरम्मत कार्य हेतु कोई स्वीकृति विभाग के पास नहीं थी। जिसके मद्देनजर कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग द्वारा उक्त नाला की मरम्मत मजबूतीकरण मद से कराए जाने स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

## मंदिर के लिए दान में दी हुई जमीन पर नगर निगम से गौशाला बनाने के होंगे प्रयास

**कटनी,यशभारत।** कटनी नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी जगमोहनदास वार्ड के गिरजा घाट का गोसेवक अमिता श्रीवास के साथ निरीक्षण कर समीप लगी मंदिर की जमीन पर नगर निगम के प्रयास से गौशाला का निर्माण कराने का आश्वासन दिया। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि गौशाला का निर्माण ना होने की दशा पर व्यक्तिगत स्वयं के व्यय से गौ माता के लिए एक बड़े टीन शेड का निर्माण कराने उपस्थित जनों को आश्वस्त किया। मौके पर महापौर ने गौ माता की सेवा के लिए तात्कालिक रूप में भूसे का दान किया। मंदिर में जाकर दर्शन कर शहरवासियों के मंगलमय जीवन के लिए प्रार्थना की।उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में गौ को मां का दर्जा प्राप्त है। इसलिए गौ माता को किसी भी प्रकार की समस्याएं नहीं होनी चाहिए।गौ सेवा ही ईश्वर सेवा है। इस दौरान एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी सुभाष साहू सहित स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही।



**कार्य ना होने की दशा में महापौर स्वयं के व्यय से कराएंगी टीन शेड का निर्माण, गो सेवक अमिता श्रीवास के साथ किया स्थल का दौरा**

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ
CINEMA KATNI
by CMW

Mittal MALL

Paytm
book my show

From 30th June 2023

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 30 June to 06 July, 2023

| Audi-01 | Show | Rate |
|---|---|---|
| Satyaprem Ki Katha | 10.30.00 AM | 90-90-90-250 |
| SPY 2D Hindi | 1.30.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 4.15.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 7.15.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 10.15.00 PM | 130-160-190-350 |
| **Audi-02** | **Show** | |
| Satyaprem Ki Katha | 1.00.00 PM | 100-120-140-310 |
| Adipurush 3D Hindi | 4.00.00 PM | 140-170-200-340 |
| SPY 2D Hindi | 7.00.00 PM | 140-180-210-350 |
| SPY 2D Hindi | 10.00.00 PM | 140-180-210-350 |
| **Audi-03** | **Show** | |
| SPY 2D Hindi | 10.45.00 AM | 90-90-90 |
| 1920 Horrors of the heart | 1.15.00 PM | 120-150-150 |
| SPY 2D Hindi | 3.45.00 PM | 120-150-150 |
| Zara Hatke Zara Bachke | 6.45.00 PM | 120-150-150 |
| Satyaprem Ki Katha | 9.15.00 PM | 120-150-150 |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830


युवाओं के
हौसलों की उड़ान
शिवराज सिंह चौहान
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना
पोर्टल पर पंजीयन का शुभारंभ
एवं युवाओं से संवाद
मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान
द्वारा
4 जुलाई, 2023 । दोपहर 12:00 बजे
रवीन्द्र भवन, भोपाल
18 से 29 वर्ष के 12वीं/आईटीआई या अधिक योग्यता वाले मध्यप्रदेश के निवासी युवाओं को पात्रता
800 कोर्सेस के क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर
10 हजार 500 से अधिक कंपनियों द्वारा पंजीयन
प्रतिमाह 8 से 10 हजार रुपये स्टायपेंड
अधिक जानकारी के लिए http://mmsky.mp.gov.in/ पोर्टल पर विजिट करें
सीखो-कमाओ योजना हमारे युवाओं के सपनों को उड़ान देने की शुरुआत है। हमारा संकल्प है कि प्रदेश के युवा आत्मनिर्भरता के हमारे संकल्प के ध्वजवाहक बनें।
- शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री
सीधा प्रसारण
DDMP
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11055
मध्यप्रदेश शासन